Industrial Training Institute

# संचालनालय रोजगार एवं प्रशिक्षण छत्तीसगढ़

प्रथम तल, ब्लॉक–4, इंद्रावती भवन, नवा रायपुर अटल नगर, छ0ग0, 492002,
दूरभाष 0771–2510115, ई–मेल dettrgcg@rediffmail.com, www.cgiti.cgstate.gov.in

क्रमांक एफ 04-515/योजना/संरोप्र/2022/1081 नवा रायपुर अटल नगर, दिनांक 24 मार्च 2022

प्रति,

1. प्राचार्य,
   शासकीय आईटीआई,
   महिला भिलाई/दुर्ग/कुरूद/बेरला/माना/मॉडल भिलाई/
   कसडोल/महिला कोनी/हथबंद/पाली/परपोड़ी/रायपुर/राजनांदगांव, छ0ग0।
2. प्राचार्य,
   निजी आईटीआई,
   आमदीनगर भिलाई/कमलाकांत शुक्ला भाटापारा/अगासे सेन्ट्रल रायपुर/
   पुरी भिलाई, छ0ग0।

विषय :- STRIVE योजना की समीक्षा हेतु दिनांक 09/03/2022 को आयोजित बैठक का कार्यवाही विवरण।

-00-

विषयांतर्गत भारत सरकार की Skill Strengthening for Industrial Value Enhancement (STRIVE) योजनांतर्गत भौतिक एवं वित्तीय प्रगति की समीक्षा हेतु प्रमुख सचिव महोदय की अध्यक्षता में दिनांक 09/03/2022 को छत्तीसगढ़ राज्य कौशल विकास प्राधिकरण, पुराना पुलिस मुख्यालय परिसर, राजभवन के पास रायपुर में आयोजित बैठक का कार्यवाही विवरण आवश्यक कार्यवाही हेतु संलग्न कर प्रेषित है।

संलग्न :- उपरोक्तानुसार।

(अवनीश कुमार शरण)
संचालक

पृ0क्रमांक एफ 04-515/योजना/संरोप्र/2022/ 1082 नवा रायपुर अटल नगर, दिनांक 24 मार्च 2022

प्रतिलिपि :-

1/ स्टॉफ आफिसर, प्रमुख सचिव, छत्तीसगढ़ शासन, कौशल विकास तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार विभाग, मंत्रालय,

2/ संयुक्त संचालक, (प्रशिक्षण), क्षेत्रीय कार्यालय, औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थायें, रायपुर/बिलासपुर/दुर्ग, छ0ग,

की ओर सूचनार्थ।

संचालक

## कार्यवाही विवरण बैठक दिनांक 09/03/2022

भारत सरकार की Skill Strengthening for Industrial Value Enhancement (STRIVE) के क्रियान्वयन हेतु संचालनालय रोजगार एवं प्रशिक्षण, छत्तीसगढ़ के पत्र क्रमांक 880 नवा रायपुर अटल नगर दिनांक 04 मार्च 2022 के परिपालन में चयनित 17 आई.टी.आई के प्राचार्य/सचिव एवं अध्यक्ष का प्रमुख सचिव छ.ग. शासन, कौशल विकास, तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार विभाग, मंत्रालय की अध्यक्षता में दिनांक 09/03/2022 को छत्तीसगढ़ राज्य कौशल विकास प्राधिकरण, पुराना पुलिस मुख्यालय परिसर राजभवन के पास में बैठक संपन्न हुई। बैठक में उपस्थित आई.एम.सी अध्यक्ष एवं अधिकारियों की सूची परिशिष्ट-1 संलग्न है।

1. सर्वप्रथम STRIVE योजना Result Area-1 अंतर्गत चयनित 17 औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था के प्राचार्य द्वारा योजना की भौतिक एवं वित्तीय स्थिति की समीक्षा के संबंध में संस्थावार पावर पाईंट प्रजेन्टेशन प्रस्तुत किया गया।
2. प्रमुख सचिव महोदय द्वारा निर्देशित किया गया कि STRIVE योजनांतर्गत चयनित 17 आई.टी. आई में केन्द्र से प्राप्त राशि का मात्र व्यय न करते हुए सदुपयोग किया जाए। प्राप्त राशि से संस्था में चयनित 03 या 04 ऐसे व्यवसाय को चिन्हांकित किया जाए कि जिसमें संस्था में व्यवसायों का पूर्ण उन्नयन, प्रशिक्षणार्थी एवं प्रशिक्षण अधिकारियों का उचित प्रशिक्षण एवं प्रशिक्षणार्थी को शत प्रतिशत रोजगार/स्वरोजगार प्राप्त कर सके। अतः प्राचार्य द्वारा ऐसे व्यवसायों को जिनका अपग्रेडेशन किया जाना है तथा खोले जाने वाले नवीन व्यवसायों की जानकारी एस.पी.आई.यू. को 03 दिवस के अंदर प्रदान करें।

   (कार्यवाही -संबंधित संस्था)
3. बिन्दु क्रमांक 02 के अनुसार चयनित व्यवसाय के प्रशिक्षकों का मूल्यांकन करने हेतु आई.टी. आई, पॉलीटेक्निक, इंजीनियरिंग कॉलेज, आईआईआईटी के साथ समन्वय कर संचालनालय स्तर पर व्यवसायवार 3-4 सदस्यों की समिति गठित करने हेतु निर्देशित किया गया। उक्त समिति निम्नानुसार कार्यवाही करेगी :-

   3.1 चयनित 17 आई.टी.आई के प्रशिक्षण अधिकारियों का असेसमेंट-कम-ट्रेनिंग।

   3.2 चयनित 17 आई.टी.आई में वर्तमान में संचालित व्यवसायों के अपग्रेडेशन की आवश्यकता का परीक्षण।

   3.3 नये एवं आधुनिक व्यवसाय प्रारंभ करने हेतु परीक्षण कर प्रस्ताव तैयार करना तथा पूर्व से संचालित अलोकप्रिय एवं ऐसे व्यवसाय जिसमें रोजगार की संभावना कम हो अथवा पिछले वर्षो में कम प्रवेश हुआ हो, का आंकलन, ताकि संस्थाओं के आई.एस.पी. में आवश्यक संशोधन किया जा सके।

   (कार्यवाही- संचालनालय)
4. संस्था में गठित आई.एम. सी के समन्वय से प्रशिक्षण अधिकारियों का प्रशिक्षण एवं प्रशिक्षणार्थियों का ऑन द जॉब ट्रेनिंग की व्यवस्था की जाए ताकि उधोगों में उपलब्ध वर्तमान टेक्नालॉजी से अवगत हो सके। इसके लिए प्रत्येक संस्था उधोगों या एम.एस.एम.ई द्वारा संचालित टेक्नालाजी सेंटर्स को चिन्हांकित करें तथा निर्धारित समयावधि में प्रशिक्षण कार्य पूर्ण करें।

   (कार्यवाही -संबंधित संस्था)

5. STRIVE योजनांतर्गत चयनित 17 आई.टी.आई में एम्प्लायमेंट सेल का गठन किया जाए ताकि सेल योजनांतर्गत चयनित व्यवसायों के प्रशिक्षणार्थियों हेतु शत प्रतिशत रोजगार/स्वरोजगार प्राप्त करने की दिशा में कार्य करें। उक्त सेल के द्वारा विभिन्न औद्योगिक प्रतिष्ठानों को प्लेसमेंट हेतु आमंत्रित करें साथ ही साथ नजदीकी इनक्यूबेशन सेंटर/शासन की विभिन्न योजनाओं के सहयोग से स्वरोजगार स्थापित करने हेतु प्रशिक्षणार्थियों को सहयोग करे।

(कार्यवाही -संबंधित संस्था)

6. प्रमुख सचिव महोदय द्वारा अप्रेटिंस एक्ट के तहत जिलेवार उधोगों को अप्रेटिंस पोर्टल में रजिस्ट्रेशन करने हेतु कलेक्टर को पत्र प्रेषित किये जाने हेतु निर्देशित किया गया ताकि प्रत्येक जिले में एक्ट के अंतर्गत आने वाले सभी औद्योगिक प्रतिष्ठान, जिसमें कि 30 से अधिक कर्मचारी कार्यरत हैं, में प्रशिक्षणार्थियों को अप्रेंटिस हेतु नियोजित किया जा सके।

(कार्यवाही संचालनालय एवं जिला कलेक्टर)

अंत में उपरोक्तानुसार दिये गये निर्देशों का पालन प्रतिवेदन आगामी समीक्षा बैठक में रखे जाने हेतु प्रमुख सचिव महोदय द्वारा निर्देशित किया गया।

**प्रमुख सचिव महोदय द्वारा अनुमोदित**

(अवनीश कुमार शरण)
संचालक

## बैठक में उपस्थित अधिकारियों की सूची

1. श्री टी.के सातपुते, प्राचार्य, शासकीय महिला आई.टी.आई भिलाई जिला दुर्ग
2. श्री अनिल कुमार टेंम्भेकर, प्राचार्य, शासकीय आई.टी.आई दुर्ग, जिला दुर्ग
3. श्री योगेश देवांगन, प्राचार्य, शासकीय आई.टी.आई कुरूद, जिला धमतरी
4. श्री शीतल कुमार साहू, प्राचार्य, शासकीय आई.टी.आई बेरला, जिला बेमेतरा
5. श्री योगेश पार्कर, आई.एम.सी सदस्य, शासकीय आई.टी.आई बेरला, जिला बेमेतरा
6. श्री टी.आर. देवांगन, प्राचार्य, शासकीय आई.टी.आई माना, जिला रायपुर
7. श्री टी.एस.तंवर, प्राचार्य, शासकीय आई.टी.आई भिलाई जिला दुर्ग
8. श्री बी.टी.आगासे, प्राचार्य आगासे प्रायवेट आई.टी.आई रायपुर
9. श्री सतीश पुरी, प्राचार्य, पुरी आई.टी.सी दुर्ग
10. श्री दीपक यदु, कमलाकांत शुक्ला प्रायवेट आई.टी.आई, भाटापारा, जिला बलौदाबाजार-भाटापारा
11. श्री शिवलू समद्दार, प्राचार्य आमदीनगर, प्रायवेट आई.टी.आई भिलाई जिला- दुर्ग
12. श्री जी.के. अग्रवाल, अध्यक्ष आई.एम.सी शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था, कसडोल
13. श्री प्रशांत शेखर शुक्ला प्राचार्य, शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था, कसडोल
14. श्री आर.के.कुर्रे, प्राचार्य, शासकीय महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था, कोनी बिलासपुर
15. श्री तन्मय बोस, अध्यक्ष आई.एम.सी शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था, हथबंद
16. श्री अभिनीत गुहा, प्राचार्य, शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था, हथबंद
17. श्री आई.के.देवांगन, प्राचार्य, शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था, पाली जिला कोरबा
18. श्री अनिल कुमार टेंम्भेकर, प्राचार्य, शासकीय आई.टी.आई परपोड़ी, जिला बेमतरा
19. श्री जे.एस.सिकरवार, प्राचार्य, शासकीय आई.टी.आई रायपुर, जिला रायपुर
20. श्री सातेन्द्र कु.साहू, प्राचार्य, शासकीय आई.टी.आई, राजनांदगांव, जिला राजनांदगांव